मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 101, मुंबई, मंगलवार, 11 जून, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# गुलाम बनने का फैसला!

## एमवीए ने मोदी कैबिनेट को लेकर एकनाथ शिंदे और अजित पवार पर कसा तंज



मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेकर अपनी सरकार का गठन कर लिया है। मोदी के कैबिनेट में कुल 71 मंत्री शामिल है इसी बीच महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के नेताओं ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर करारा प्रहार किया। एमवीए ने कहा कि जब आप किसी का गुलाम बनने का फैसला करते हैं तो यही पाते हैं। गौरतलब है कि रविवार शाम हुए शपथ ग्रहण समारोह में, शिंदे नीत शिवसेना के प्रतापराव जाधव ने स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने कैबिनेट मंत्री पद की मांग पर जोर देते हुए राज्य मंत्री का पद ठुकरा दिया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### कैबिनेट मंत्री का पद नहीं मिलने से हैरान नहीं हूं

बारामती से लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने कहा कि मोदी मंत्रिमंडल में अजित पवार नीत राकांपा को कैबिनेट मंत्री का पद नहीं मिलने से हैरान नहीं हूं। शिंदे नीत शिवसेना के प्रवक्ता संजय शिरसाट विपक्ष की आलोचना को तवज्जो नहीं देने की कोशिश करते हुए कहा कि उनकी पार्टी को कोई कैबिनेट पद नहीं मिलने के पीछे कोई वजह रही होगी। मराठवाड़ा क्षेत्र से विधायक ने कहा, दूसरे लोगों को, जो सत्ता से बाहर हैं, हमारे लिए परेशान क्यों हैं। उन्होंने कहा, जब आप (उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना) सत्ता में थे, आपके पास एक कैबिनेट पद था लेकिन भारी उद्योग जैसा मामूली विभाग था।



# मुंबई में मानसून की दस्तक

## आईएमडी ने जारी किया भारी बारिश का अलर्ट


मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में मानसून ने दस्तक दे दी है। ऐसे में अब शहर के कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। आईएमडी ने सोमवार को मध्यम से भारी वर्षा होने का अनुमान लगाया है। मानसून पहुंचने के कारण शहर में रविवार को बारिश हुई और कई इलाकों में जलभराव की स्थिति भी पैदा हो गई है। आईएमडी ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि रत्नागिरी के लिए ऑरेंज अलर्ट और पालघर, ठाणे, मुंबई और रायगढ़ के लिए येलो अलर्ट जारी किया। कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में मंगलवार तक अत्यधिक भारी बारिश की संभावना जताई गई है। आईएमडी के अनुसार, महाराष्ट्र तट पर अनुकूल परिस्थितियों के कारण मानसून सामान्य समय से दो दिन पहले रविवार को मुंबई पहुंच गया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई होर्डिंग हादसा मामले में जांच कमेटी का गठन

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज दिलीप भोसले करेंगे अध्यक्षता



मुंबई हलचल/संवाददाता


**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई होर्डिंग हादसा मामले को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पुर्व जज दिलीप भोसले इस समिति की अध्यक्षता करेंगे। अधिकारी ने बताया कि राज्य गृह विभाग द्वारा गठित समिति दुर्भाग्यपूर्ण घटना के सभी पहलुओं की समयबद्ध जांच करेगी। बीते 13 मई को राजधानी में एक होर्डिंग गिर गया था, जिसके नीचे आकर 16 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 75 लोग घायल हो गए थे। अधिकारी ने बताया कि रेलवे पुलिस महानिदेशक ने घटना की आंतरिक जांच की थी, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को सौंपी, जिन्होंने इसे राज्य सरकार को सौंप दिया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# मोदी कैबिनेट में विभागों का बंटवारा

## मुरलीधर मोहोल को बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वहीं, सोमवार को केंद्रीय मंत्रीमंडल की बैठक हुई, इस बैठक में विभागों का बंटवारा भी हुआ। मोदी ने अपनी नई मंत्रिपरिषद में वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री, अमित शाह को गृह मंत्री, नितिन गडकरी को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, पीयूष गोयल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, निर्मला सीतारमण को वित्त मंत्री और एस जयशंकर को विदेश मंत्री के पद पर बरकरार रखा है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए नए मंत्री

केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए नए मंत्रियों में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास विभाग, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा को स्वास्थ्य के साथ ही रसायन व उर्वरक विभाग और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग दिया गया है। कैबिनेट मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी को भारी उद्योग और इस्पात मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है। वहीं, जद (यू) के वरिष्ठ नेता ललन सिंह को पंचायती राज और मत्स्यपालन, पशुपालन एवं दुग्ध मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री बनाया गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### जोखिम भरी ये राह

**चार जून को नतीजे आने के बाद से भाजपा ने लगे झटके को नजरअंदाज करने और संख्या बल के आधार पर राजनीतिक पराजय की अनदेखी करने की जो रणनीति अपनाई, मंत्रि-परिषद के गठन में भी उसकी ही झलक देखने को मिली है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई मंत्रि-परिषद यह संकेत देती है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रबंधकों ने आम चुनाव में लगे झटके के असर को फिलहाल मैनेज कर लिया है। ये अटकलें गलत साबित हुई हैं कि इस बार के मंत्रिमंडल में एनडीए के घटक दलों की प्रमुख उपस्थिति होगी। वैसे सहयोगी दलों के साथ भाजपा ने कुल मिलाकर क्या डील की है, यह अभी जाहिर नहीं है। मगर यह स्पष्ट है कि चार जून को नतीजे आने के बाद से भाजपा ने लगे झटके को नजरअंदाज करने और संख्या बल के आधार पर राजनीतिक पराजय की अनदेखी करने की जो रणनीति अपनाई, मंत्रि-परिषद के गठन में भी उसे कार्यरूप देने में वह सफल रही है। अपने सभी प्रमुख पुराने चेहरों को नई सरकार में प्रमुख भूमिका देकर उसने संदेश देने की कोशिश की है कि जनादेश उसकी नीतियों और कार्यशैली के पक्ष में आया है। यानी उसे अपनी चाल-ढाल में सुधार करने की कोई जरूरत नहीं है। मगर यह रास्ता ना सिर्फ उसके लिए, बल्कि इस देश के आम भविष्य के लिए भी जोखिम भरा है। गुजरे चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और आम जन की कष्टप्रद होती गई जिंदगी की हकीकत बेपर्द हुई। चुनाव नतीजों ने दुनिया भर में इस नैरेटिव को तोड़ डाला है कि नरेंद्र मोदी अपनी आर्थिक नीतियों से भारत में सभी वर्गों का भला कर रहे हैं। उलटे जमीनी स्तर पर की दुर्दशा की कहानियां वैश्विक मीडिया में छायी हुई हैं। साथ ही भारत में तनावपूर्ण होते सामाजिक संबंधों पर भी नए सिरे से ध्यान गया है। जबकि भाजपा नेतृत्व अभी भी यही बताने की कोशिश कर रहा है कि सब कुछ ठीक है और इसीलिए लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनी पूरी आस्था जताई। स्पष्टतः अपने वोट के जरिए रास्ता सुधार का जो आदेश मतदाताओं ने दिया था, यह उसे ठेंगा दिखाना है। यह जमीनी हकीकत के प्रति भाजपा नेतृत्व के अपमान भाव को दिखाता है। इससे कोई समस्या हल नहीं होगी। बल्कि समाज में विभिन्न स्तरों पर गतिरोध बढ़ते चले जाएंगे। यह याद रखना चाहिए कि अक्सर ऐसी स्थितियां गंभीर अस्थिरता की जनक बन जाती हैं।

# दहेज के खिलाफ एक जुट होते नौजवान

## जमआते इस्लामी जबलपुर सेंट्रल के द्वारा 40 दिन के आसान निकाह अभियान का समापन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जबलपुर।** 9 जून 2024 को जमाअत इस्लामी हिन्द जबलपुर की सेंट्रल शाखा द्वारा समाज सुधार पर आधारित ₹आसान निकाह अभियान₹जो शादी ब्याह में होने वाली अनावश्यक रीती रिवाज, फिजूलखर्ची के खिलाफ चलाया गया जिसमें प्रमुखता से दहेज को इन सभी रिवाजों में सबसे अधिक बड़ी बुराई के तौर बताया और इस सामाजिक अभिशाप के खात्मे पर अधिक जोर दिया गया। जिसका समापन समारोह मोमिन पुरा तलैया, गोहलपुर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता भोपाल से पधारे मौलाना मोहम्मद उमर, मोहम्मद इम्तियाज और मुख्य अतिथि काजी शहर मौलाना रियाज मोहम्मद जबलपुर, खतीब पेश ईमाम मौलाना आरिफ साहब (मस्जिद अंधेरदेव)जबलपुर, सरदार अख्तर अंसारी पार्षद, वकील अंसारी पार्षद, याकूब अंसारी जनाब गुलाम रसूल अंसारी(नगर अध्यक्ष जमाअत इस्लामी जबलपुर), जमील अहमद (अध्यक्ष ईस्ट जोन जबलपुर), जान मोहम्मद(अध्यक्ष वेस्ट जोन जबलपुर) आदि समाज के मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस समारोह में मुस्लिम समाज के लगभग 1000 गणमान्य नागरिक महिला पुरूषों ने उपस्थिति दर्ज कराई और इस प्रोग्राम को काफी सराहा गया।




अपने बयान मे भोपाल आए जनाब मोहम्मद उमर साहब ने कहा कि इस्लामी शरीयत के उसूल शादी के लिए तय है उनकी पूरी तरह पाबंदी की जाये। दहेज एक अपराध है इसे पूर्णतः प्रतिबन्ध किया जाये। ऐसी शादीयों का बायकॉट किया जाये। जहां दहेज का लेन-देन होता हो आपने यह भी कहा कि ऐसी रस्मे जो शरीयत के मिजाज के खिलाफ है चाहे दहेज हो बारात हो लड़की की शादी का खाना हो इसी तरह की और भी जो रस्में गैर शरई हो समाज से खत्म होना चाहिए।

मोहम्मद जनाब इम्तियाज साहब ने अपने बयान में कहा कि इस्लामी इतिहास मे ऐसे आदर्श समाज मिलता हैं जहां निकाह कोई खचीर्ली और मुश्किल काम नहीं था और आज भी समाज में ऐसे लोग पार जाते हैं। ऐसी कई उदाहरण लोगो ने पेश किये। जिन्हें अपनाने की आज के समाज को जरूरत है। यह 40 दिन के अभियान को समाज के सभी वर्गों द्वारा सराहा गया , अभियान के दौरान समाज सुधार के लिए इस्लामी शिक्षाओं पर आधारित होडिंग सभी प्रमुख चौराहों और रास्तों पर लगाई गई जिसमें दहेज को खत्म करने युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण यह रहा कि इसमें उन 50 युवाओं को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की गई जिन्होंने ने बिना दहेज लिए सभी सभी कुरीतियों के बंधनों को तोड़ कर निकाह किया और एक सुखी पारिवारिक जीवन यापन कर रहे हैं। अभियान के प्रमुख कार्यो में 50 होडिंग, 8000 पैम्फलेट, टी पार्टी, व्यक्तिगत मुलाकातें , विभिन्न समाज के प्रमुखो सरदारों की बैठक और अंत में समापन समारोह किया गया।

यह अभियान मुख्यतः डॉः जाकिर हुसैन वार्ड और अशफाक उल्ला वार्ड में चलाया गया परन्तु इस अभियान का प्रभाव आसपास के वार्डों की जनता में देखने को मिला कि सभी जगह इस अभियान के उद्देश्य की चर्चा बनी रही।


जमाअत इस्लामी जबलपुर के सेंट्रल शाखा के प्रमुख श्री वकार अहमद ने अभियान के उद्देश्य पर बात करते हुए कहा कि इस्लामी जीवन व्यवस्था में शादी को बहुत आसान बताया गया है,जहां कोई भी व्यक्ति अपनी एक महीने की तनख्वाह से आसानी से शादी कर सकता है।शादी को सबसे ज्यादा मुश्किल बनाने में दहेज का बहुत बड़ा रोल रहा है।खासतौर पर मध्यम वर्गीय और गरीब परिवार समाज की बनाई हुई अनावश्यक रीति रिवाज में जकड़ा हुआ है।हाल यह है कि बच्ची पैदा होते ही उस बच्ची के मां-बाप बचपन से ही उसकी शादी की फिक्र और तैयारी में लग जाते हैं।और पूरी ज़िंदगी पैसे जोड़ते रहते हैं। दौलतमंदों को इससे बहुत ज्यादा फर्क़. नहीं पड़ता। लेकिन गरीब आदमी इस चक्की में पिसता रहता है। बस हम अपने संगठन के माध्यम से यही चाहते हैं की शादियां आसान हो, दहेज प्रथा को जड़ से उखाड़ कर फेंका जाए और अनावश्यक रीति रिवाज से बचा जाए, और दूसरी तरफ हम समाज के सभी वर्ग यानी अमीर, गरीब, मजदूर चाहे वह बेटे के माता-पिता हों या बेटी के, उनसे अपील करते हैं, कि दहेज का पुरजोऱ बायकाट करें, ना दहेज लें ना दहेज दें। प्रोग्राम की आखिरी में जमात इस्लामी हिंद के नाजिमे शहर जबलपुर जनाब गुलाम रसूल अंसारी साहब ने सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया और दुआ कराई जनाब गुलाम रसूल अंसारी साहब की दुआ से कार्यक्रम का समापन हुआ। जमाअत इस्लामी के सभी सदस्य इस पूरे अभियान में बहुत ही सक्रियता से भाग लिया और समापन समारोह में मोहम्मद राशिद, एहतेशाम,हयात,लियाकत, मेहमूद, शबाब, शाहनवाज, खुर्शीद अहमद,गुलाम साबिर, मोहम्मद हारून, हाजी अनवार अहमद साहब (अल फारूक न्यू बेकरी) ,रईस, शाह फैसल, जोहेब,यासिर,मुबीन,मोईन, मेहंदी, महबूब आलम,शबाब,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**साजिद खान की रिपोर्ट**

# रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कानपुर से फरार रेप का आरोपी दरोगा, अब तक नहीं मिला सुराग

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** शादी करने का झांसा देकर एक लड़की के साथ 10 माह तक बलात्कार करने का आरोपी दरोगा पुलिस की पकड़ से अभी भी बाहर है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को उसका कोई सुराग अभी तक नहीं मिल पाया है। घटना में पुलिस कमिश्नर के आदेश पर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही उसे सस्पेंड भी किया जा चुका है। घटना का संबंध बिठूर में रहने वाली युवती मेनका (नाम काल्पनिक ) से है । यहां के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत करते हुए उसने बताया था कि पुलिस लाइन में तैनात दरोगा सचिन कुमार



**रिपोर्ट दर्ज और सस्पेंड किए जाने के बाद से फरार है आरोपी दरोगा**

मोरल ने शादी का झांसा देकर उससे दोस्ती की थी। इसके बाद उसे हरबंश मोहाल के लोक मोहाल तिलियाना घंटाघर पर अपने कमरे में ले जाकर रेप किया था। इस दौरान कई बार अपनी मां से भी फोन पर बात करके शादी का भरोसा भी दिलाया था। यह भी कहा था कि तुम मेरी ही घर की बहू बनोगी। बाद में शादी का दबाव बनाने पर मुकर गया। इसी के साथ उसने पिता को मारने की भी धमकी दी थी। युवती ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता का निधन हो चुका है। मेरे घर एक बूढ़ी मां और बड़ी बहन रहती हैं। दोनों की मेरे ऊपर ही जिम्मेदारी है। इसके बाद भी दरोगा का कलेजा नहीं पसीजा।इस घटना में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर हरमन कुमार थाने में आरोपी दारोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही उसे सस्पेंड भी किया गया है ,जिसके बाद वह फरार है। पुलिस उसकी तलाश लगातार कर रही है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक हुई संपन्न

## संगठन के आगामी प्रयासों में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो: डॉ सैयद खालिद कैस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय पत्रकार संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक रविवार दिनांक 9 जून 2024 को संपन्न हुई। संगठन की राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप मुंबई के संचालन में संपन्न इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष डॉ सैयद खालिद कैस ने की। इस बैठक में राष्ट्रीय महासचिव प्रशासनिक शाकिर मलिक गुजरात, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री खेमराज चौरसिया के अलावा राष्ट्रीय सचिव व दिल्ली इकाई की प्रभारी नीना गोयल दिल्ली, राष्ट्रीय संगठन सचिव रियाज खान चित्तौड़गढ़ राजस्थान, राष्ट्रीय सचिव बिल्लू यादव हरियाणा, संजय शुक्ला, बिहार इकाई समन्वयक, राष्ट्रीय सचिव तेलंगाना मीर मोहम्मद मीर हैदराबाद, इकाई समन्वयक छत्तीसगढ़ सुधीर आजाद तंबोली, ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व बैठक के प्रारम्भ में राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप द्वारा संगठन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए समस्त पदाधिकारियों का परिचय कराया गया तथा शशि दीप ने नवनिर्वाचित कोर कमेटी के पदाधिकारियों का हार्दिक अभिनन्दन किया व उन्हें संगठन के प्रति उनके योगदान के लिए बधाई दी। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारियों द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए व आगामी प्रस्तावित वार्षिक अधिवेशन के आयोजन से संबंधित अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए।




इस अवसर पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी अगस्त सितंबर 2024 में जो मुंबई में वार्षिक सम्मेलन होना है उसमें सभी की वैचारिक, भौतिक व अर्थिक सहभागिता आवश्यक है। संगठन द्वारा समस्त प्रदेश सरकारों पर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए बल दिया जाएगा। प्रादेशिक स्तर पर भी सम्मेलन, सेमिनार परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इस बात पर निर्णय लिया गया जिन प्रदेशों में प्रदेश कार्यकारिणीयों का गठन नहीं किया गया, उन प्रदेशों में गठन कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा संगठन के समस्त पदाधिकारियों को आगामी रणनीति के लिए कार्ययोजना बनाने तथा उस पर क्रियान्वयन का बल दिया गया। बैठक के अंत मे राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# चयन और सत्यापन पूरा हुआ अब नियुक्ति दें

## भविष्य के पटवारियों का प्रदर्शन

**धुलिया।** पटवारी सीधी सेवा भर्ती 2023 की चयन सूची में अभ्यर्थियों को आचार संहिता नियमों में शिथिलता के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत कर नियुक्ति पत्र जारी करें ऐसी मांग जिले में तलाठी भर्ती की चयन सूची के अभ्यर्थियों ने कलेक्टर से की। साथ ही जिला अधिकारी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस संबंध में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि हमें महाराष्ट्र सरकार द्वारा आयोजित पटवारी डायरेक्ट सर्विस रिक्रूटमेंट 2023 के अनुसार परीक्षा में चुना गया है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 26 मार्च को पूरी हो चुकी है। इस भर्ती प्रक्रिया से क्षुब्ध होकर प्रतीक्षा सूची के कुछ अभ्यर्थियों ने



याचिका सं. 420/2024 और 478/2024 दर्ज किया है। इसमें महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण पटवारी भर्ती प्रक्रिया पर 14 जून तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया है। साथ ही चयन सूची में शामिल अभ्यर्थियों की ओर से हस्तक्षेप आवेदन क्रमांक। 313/2024 और 314/2024 दर्ज किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि इन मामलों में जल्द से जल्द स्थगन आदेश खारिज कर दिए जाएंगे। जिन राज्यों में शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव होते हैं, नाशिक विभाग का धुलिया जिला इसमें आता है और नाशिक जिले में 5 जुलाई तक आचार संहिता लागू है। जिसके अनुसार विभिन्न जिला कलेक्टरों ने केंद्रीय चुनाव आयोग से इस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में आचार संहिता के नियमों में ढील देने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में यह मांग की गई है कि हमें आचार संहिता के नियमों को शिथिल करने और पटवारी सीधी सेवा भर्ती 2023 की चयन सूची में उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र देने का भी प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहिए। ज्ञापन देने के लिए उज्वला खराटे, लोकांक्षा वाघ, पुजा तावडे, लोकेश येशीराव, दत्तात्रय खुटाफले, पूर्व सैनिक सुरेश पवार, अशोक गिरनार, पूर्व सैनिक किशोर जगताप, अभिजीत झाल्टे, शुभम यमगवली, सागर सोनवणे, पूर्व सैनिक हेमंत बाविस्कर, मुरलीधर चौधरी, मनोज मंगले, सचिन चौरे, अमोल अहिरे, आशा गढरी, चंद्रकांत गांर्गुडे उपस्थित थे।

# दक्षिण मुंबई जिल्हा निवडणुकीत पर खासदार अरविंद गणपत सावंत का सत्कार समारंभ किया गया



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 10 जून 2024 सोमवार को दक्षिण मुंबई जिल्हा इंडीया युती निवडणुकीत पर लगातर तिसरी बार खासदार अरविंद गणपत सावंत जी (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) का सत्कार समारंभ उनके जनसंपर्क कार्यालय दादर मुंबई पर किया गया शॉल और पुष्पुक देकर मो.शोएब खान,सुखबिंदर सिंह (लाला भाई) और इस सत्कार समारांभ मे इंडीया युती के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।





**Hijab Community Of India की ओर से कल हिजाब में रह कर अपने हुनर को पेहचान देने वाली महिलाओं को सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में हमारी इस्लामी बेटिया जो आज पॉलिटिशियन, डॉक्टर, लॉयर, हिजामा स्पेशलिस्ट, हिजाबी इंफ्लुएंसर, अपने अपने खुद के दम पर व्यापार चालू करने वाली महिलाएं, SSC और HSC टॉपर्स जैसी कई महिलाएं इस प्रोग्राम में मौजूद रही। Hijab Community का मैं फरहत शेख आपके मुंब्रा की बेटी, शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझे यहाँ बुला कर अपने खयालात का इज़हार करने का मौका दिया और कुछ औरतो को उनके कामो के लिए सम्मानित भी किया।**

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### गुलाम बनने का फैसला!

मोदी कैबिनेट में मंत्री पद को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि मोदी मंत्रिमंडल में दोनों दलों के बहुत कम प्रतिनिधित्व ने साबित कर दिया कि भाजपा ने उन्हें उनकी जगह दिखा दी है। उन्होंने कहा, ह्लजब आप किसी का गुलाम बनने का फैसला करते हैं तो यही पाते हैं ह्व कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि यदि अजित पवार नीत राकांपा राज्य मंत्री का पद स्वीकार नहीं करती है, तो उन्हें भविष्य में कोई कैबिनेट मंत्री पद भूल जाना चाहिए।

### मोदी कैबिनेट में विभागों का बंटवारा

महाराष्ट्र से मंत्री नितिन गडकरी को तीसरे बार केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। मुंबई उत्तर लोकसभा से निर्वाचित पीयूष गोयल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के पद पर बरकरार रखा है। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के प्रतापराव जाधव को आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की जिम्मेदारी दी गई है।

### मुंबई होर्डिंग हादसा मामले में जांच कमेटी का गठन

अब तक की जांच के अनुसार, होर्डिंग सरकारी रेलवे पुलिस के कब्जे वाली जमीन पर लगाया गया था और इसे पेट्रोल पंप के पास लगाने की अनुमति सरकारी रेलवे पुलिस के तत्कालीन पुलिस आयुक्त कैसर खालिद की मंजूरी से 10 साल के लिए ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को दी गई थी।

### मुंबई में मानसून की दस्तक

रविवार को भारी बारिश के बाद भायखला, सायन, दादर, मझगांव, कुर्ला, विक्रोली और अंधेरी समेत विभिन्न इलाकों में जलभराव हो गया जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारियों ने बताया कि कुछ स्थानों में पटरियों पर पानी भरने के कारण लोकल ट्रेन सेवाएं भी बाधित हुईं।

## शिवसेना (शिंदे) को सिर्फ एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद मिला

# एनसीपी के बाद अब शिंदे की शिवसेना ने भी 'विरोध' जताया

# महाराष्ट्र ने 7 सांसद दिए... फिर भी कैबिनेट मंत्री नहीं बनाया

सांसद श्रीरंग बारणे का कहना है कि कई दल ऐसे हैं जिन्हे कम सीटे मिलने के बाद भी कैबिनेट मंत्रालय दिया गया है। हमारी पार्टी को महाराष्ट्र ने दूसरे दलों से ज्यादा सांसद दिए हैं फिर भी कैबिनेट में जगह नहीं देना कहां का न्याय होगा। योगदान का ध्यान नहीं रखा।

मुंबई हलचल / मुंबई

मोदी कैबिनेट में जगह नहीं मिलने से अजित पवार गुट की एनसीपी की नाराजगी के बाद एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना की भी नाराजगी सामने आ रही है। पार्टी के सांसद श्रीरंग बारणे का कहना है कि एक तरफ जहां, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और एचडी कुमारस्वामी की पार्टी को कम सीट मिलने के बाद भी कैबिनेट मंत्रालय दिया गया है, वहां उनकी पार्टी के सात सांसद होने के बावजूद सिर्फ स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री का ही पद दिया गया। श्रीरंग बारणे ने कहा, हम कैबिनेट में जगह की उम्मीद कर रहे थे। चिराग पासवान के पांच सांसद हैं, मांझी के एक सांसद हैं, जेडीएस के दो सांसद हैं, फिर भी उन्हें एक कैबिनेट मंत्रालय मिला है। फिर 7 लोकसभा सीटें मिलने के बावजूद शिवसेना को सिर्फ एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) क्यों मिला।

शिवसेना ने कहा, हमारी शिवसेना के स्ट्राइक रेट को देखते हुए हमें कैबिनेट मंत्री पद दिया जाना चाहिए था। यह बात कहते हुए शिंदे गुट के सांसद श्रीरंग बारणे ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। श्रीरंग बारणे ने कहा कि एनडीए के अन्य घटक दलों के एक-एक सांसद चुने गए, लेकिन उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया है, तो फिर भाजपा ने शिंदे गुट के प्रति इतना अलग रुख क्यों अपनाया? शिवसेना सांसद ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो परिवार के खिलाफ आकर महागठबंधन में शामिल हुए अजित पवार को मंत्री पद दिया जाना चाहिए था। साथ ही भाजपा को सतारा सांसद उदयनराजे भोसले को यह मंत्री पद देना चाहिए था।

**शपथ के दूसरे दिन ही आ गई प्रतिक्रिया**

भाजपा का शिंदे गुट के प्रति इतना अलग रुख ठीक नहीं

महाराष्ट्र सरकार बनाने में शिवसेना (शिंदे) का था बड़ा योगदान



### एनसीपी अजित गुट भी नाराज

शिंदे गुट की शिवसेना की नाराजगी से पहले एनसीपी अजित गुट ने भी मंत्री पद नहीं मिलने के बाद अपनी नाराजगी जाहिर की थी। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल का कहना था, हमें बताया गया कि हमारी पार्टी को स्वतंत्र प्रभार वाला एक राज्य मंत्री मिलेगा। मैं पहले केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री था, इसलिए यह मेरे लिए एक डिमोशन होता। हमने भाजपा नेतृत्व को सूचित कर दिया है और उन्होंने हमें कहा है कि बस कुछ दिन इंतजार करें, वे सुधारात्मक उपाय करेंगे।

**जब महाराष्ट्र में हुआ तख्तापलट**

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में तख्तापलट करते हुए एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के दर्जनों विधायकों के साथ एनडीए गठबंधन जॉइन कर लिया था। बाद में उन्होंने पार्टी और पार्टी के चुनाव चिन्ह पर भी दावा किया था। कोर्टरूम ड्रामे के बाद शिवसेना का असली हकदार एकनाथ शिंदे गुट को माना गया। बाद में अजित पवार भी एक दर्जन से ज्यादा विधायकों के साथ भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए में शामिल हो गए। उन्होंने भी पार्टी और चुनाव चिन्ह पर दावा किया और पार्टी की कमान अजित पवार को मिल गई।

## शपथ समारोह में 'तेंदुआ' भी पहुंच गया!



एक 12 सेकंड का वीडियो वायरल है, जिसमें शपथ लेकर साइन करते हुए मंत्री दुर्गादास उइके दिख रहे हैं। उनके पीछे सीढ़ियों के ऊपर से एक जंगली जानवर गुजरता दिख रहा है। यह वीडियो अब कौतूहल का विषय बन गया है। अब तक साफ नहीं है कि वह कौन सा जंगली जानवर है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि वह तेंदुआ था। यदि वह जानवर तेंदुआ ही था तो यह सुरक्षा के लिहाज से भी चिंता की बात है। यदि वह तेंदुआ ही था तो एक राहत भरी बात यह रही कि वह मंच की ओर नहीं बढ़ा और न ही मेहमानों की भीड़ की ओर गुजरा।

### मेरे मंत्री पद छोड़ने की बात गलत: गोपी

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री बने सुरेश गोपी ने सोमवार को मंत्री पद छोड़ने वाली खबरों को गलत बताया है। सुरेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म गलत खबर फैला रहे हैं कि मैं मोदी सरकार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने जा रहा हूं। यह पूरी तरह गलत है। मोदी के नेतृत्व में हम केरल के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। दरअसल, एक मलयालम टीवी चैनल ने गोपी के हवाले से दावा किया था कि वे मंत्री नहीं बनना चाहते हैं और एक सांसद के रूप में काम करेंगे। एक्टर से राजनेता बने गोपी ने लोकसभा चुनाव जीतने के बाद कहा था कि वे फिल्म इंडस्ट्री नहीं छोड़ेंगे क्योंकि एक्टिंग उनका जुनून है। उनके पास पहले से ही कुछ फिल्म प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। गोपी केरल से भाजपा के पहले सांसद हैं। उन्होंने त्रिशूर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और सीपीआई के सुनील कुमार को करीब 75 हजार वोटों से हराया है।



**टीएमसी सांसद ने बताया हाल**

## इधर शपथ उधर ममता ने बत्ती कर दी गुल



पीएम नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ ली। वहीं, टीएमसी की सांसद सागरिका घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने मोदी कैबिनेट 3.0 के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपनी सारी लाइटें बंद कर दीं और अंधेरे में बैठी रहीं। टीएमसी सांसद ने यह भी मांग कि है कि भाजपा को एक नया नेता चुनना चाहिए और पीएम मोदी की जगह लेनी चाहिए। क्योंकि पूरा चुनाव प्रचार उनके इर्द-गिर्द घूमने के बाद भी बहुमत नहीं मिला।

### अंधेरे में बैठी रहीं ममता

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मना रहे सभी लोगों के लिए देश की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी का संदेश। उन्होंने अपने सभी लाइट बंद कर दी और समारोह के दौरान अंधेरे में बैठी रहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनादेश खो दिया है और लोगों ने उन्हें नकार दिया है। सागरिका घोष ने कहा कि वाराणसी में लगभग हार गए, अयोध्या में हार गए, पूरी तरह से खुद पर प्रचार केंद्रित होने के बाद भी वह बहुमत हासिल नहीं कर पाए। मोदी को बदला जाना चाहिए। भाजपा को एक नया नेता चुनने दें।

### राम को काल्पनिक बताने वाले को मंत्री बना दिया: आप

आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि हिंदुओं और रामभक्तों के साथ विश्वासघात किया गया है। पीएम मोदी ने अपने कैबिनेट में एक ऐसे व्यक्ति को शामिल किया है जिसने राम को काल्पनिक बताया और इतना ही नहीं रावण को राम से बेहतर बताया था। केजरीवाल सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतनराम मांझी का नाम लेकर यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम भाजपा से पूछना चाहते हैं कि क्या वह भगवान राम को काल्पनिक मानती है। क्या भाजपा मानती है कि राम से बेहतर रावण है?' भारद्वाज ने आगे कहा कि जीत के बाद जब प्रधानमंत्री भाजपा मुख्यालय पहुंचे तो सभी उन्हें मोदी को जय श्री राम कह रहे थे। लेकिन मोदी ने जय श्री राम का जवाब जय जगन्नाथ से दिया। जगन्नाथ में कोई बुराई नहीं, लेकिन एक ही दिन में भगवान बदल दिए। जय श्री राम का जवाब जय जगन्नाथ से दिया और उसके बाद एक ऐसे व्यक्ति को मंत्रिमंडल में लिया गया जो भगवान राम को काल्पनिक बताते हैं। हम भाजपा से जानना चाहते हैं कि ऐसे व्यक्ति को क्यों मंत्री बनाया।



## नंदुरबार का नशे का सौदागर गिरफ्तार

**हजारों की नशीली दवाई जब्त**



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**धुलिया।** स्थानीय क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी अधिकारी श्रीराम पाटील के पदभार ग्रहण करने के बाद ही शहर में नशा मुक्ति की दशा में पहल करते हुए सोमवार को दबिश देकर नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है। जिसमे शहर में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नंदुरबार के एक युवक को स्थानीय अपराध जांच विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से अनाधिकृत दवा का भंडार जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने नशे के सौदागर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्थानीय अपराध जांच विभाग के पुलिस निरीक्षक श्रीराम पवार को शहर में नशीली दवाओं की बोतलों और गोलियों की तस्करी के बारे में गुप्त सूचना मिली। तदनुसार, उन्होंने यह जानकारी पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धीवरे और अपर पुलिस अधीक्षक किशोर काले के संज्ञान में लायी। इसके बाद पुलिस उपनिरीक्षक अमित माली और प्रकाश पाटिल के साथ-साथ संजय पाटिल, हेमंत बोरसे, मच्छिन्द्र पाटिल, प्रह्लाद वाघ, संदीप पाटिल, रवींद्र माली, सुरेश भालेराव, प्रकाश सोनार, कैलास महाजन ने बस स्टैंड के पास जाल बिछाया इसी दौरान टैक्सी स्टैंड एरिया में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था. टीम ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका नाम अजय राजू कोठारी है और वह नंदुरबार का रहने वाला है। उसके सामान की तलाशी के दौरान खाकी रंग के डिब्बे में नशीली दवाइयों की बोतलें और गोलियों का जखीराजब्त किया है। जिसका बाजार 24 हजार 975 रुपये बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## शिरपुर पीपुल्स बैंक ने दिया 2 लाख 7 हजार रुपए का आर्थिक मुआवजा

**शिरपुर।** शिरपुर पीपुल्स को-ऑप. बैंक के प्रयास से अग्निकांड में क्षतिग्रस्त सामान का बीमा कंपनी से 2 लाख 7 हजार रुपये का आर्थिक मुआवजा नुकसान ग्रस्त दुकानदार को दिया है। अमलनेर के आहुजा कॉम्प्लेक्स में खिलौने की दुकान में 4 अप्रैल को शॉक सर्किट के कारण आग लग गई। उक्त अग्निकांड में दुकान मालिक संदीप पाटिल को भारी आर्थिक क्षति हुई थीं। संदीप पाटिल ने शिरपुर पीपुल्स बैंक से ऋण लिया था। बैंक ने उनकी दुकान का बीमा कराया था। शिरपुर पीपल्स बैंक ने बीम कंपनी से अनुसरण किया। लोम्बार्ड बीमा कंपनी से संदीप पाटिल को 2 लाख 7 हजार 711 रुपये की बीमा दावा राशि मंजूर कराई। शिरपुर पीपुल्स बैंक के अध्यक्ष योगेश भंडारी ने कहा कि उनका सामान, वाहन, दुकान, दुकान का सामान आदि। समान मूल्य की वस्तुओं के लिए बीमा कराया जाना चाहिए और भविष्य में होने वाले नुकसान के लिए तैयार रहना चाहिए। शिरपुर पीपुल्स बैंक ने पिछले कुछ वर्षों से यह सेवा शुरू की है और शिरपुर पीपुल्स बैंक के अध्यक्ष योगेश भंडारी ने इसका लाभ उठाने की अपील की हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# केंद्र में नई सरकार बनते ही उत्तराखंड को मिली बड़ी सौगात, सीएम धामी ने जताया पीएम मोदी का आभार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** केंद्र में नवगठित मोदी सरकार ने उत्तराखंड सरकार को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में 1562.44 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की है। केंद्र के इस कदम से प्रदेश सरकार को विकास कार्यों के लिए धन उपलब्ध हो गया है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में उत्तराखंड को मिलने वाली जून माह की धनराशि के साथ एक अतिरिक्त किस्त भी जारी की है। दो माह की यह किस्त से देश के तमाम राज्यों के साथ ही उत्तराखंड को भी राहत मिली है। केंद्र की नई सरकार का नया बजट अभी आना है। इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट प्रस्तुत किया था। अब नई सरकार गठित हो चुकी है। नया बजट आने से पहले केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कर हस्तांतरण प्रक्रिया में उत्तराखंड को 1562.44 करोड़ की धनराशि जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धनराशि के माध्यम से प्रदेश की विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के साथ ही नई योजनाओं के संचालन में सहायता प्राप्त होगी।





# उत्तराखंड में भीषण गर्मी से हाल-बेहाल, मैदानी इलाकों में जारी किया गया लू का अलर्ट

**देहरादून।** दून में सूरज के तेवर तल्ख हैं और दिन प्रतिदिन पारा चढ़ रहा है। एक सप्ताह पूर्व हुई वर्षा के बाद कुछ दिन भीषण गर्मी से राहत रही, लेकिन बीते तीन दिनों से गर्मी का प्रकोप बना हुआ है। दून का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो कि इस माह अब तक सर्वाधिक है। इसके साथ ही लू के थपेड़ों से भी जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज भी दून समेत ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में शुष्क मौसम के बीच पारे में वृद्धि और लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। इस सप्ताह उत्तराखंड में गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ने से प्रदेश में वर्षा नहीं हो रही है और मौसम शुष्क बना हुआ है। दून समेत उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी बेहाल कर रही है। शुष्क मौसम के बीच लगातार पारे में बढ़ोतरी हो रही है। दून का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। इसके साथ ही दोपहर में लू के थपेड़े बेहाल कर रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में तपिश बढ़ गई है। न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास है, लेकिन अधिकतम तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है।

## बीएसई सेंसेक्स 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया

# शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद फिसला, सेंसेक्स 203 अंक टूटा

मुंबई हलचल / मुंबई

बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और एचडीएफसी बैंक के शेयर में बिकवाली के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को शुरुआती कारोबार में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद गिरकर बंद हुए।

दिन में कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया। छोटे और मझोले शेयरों ने निवेशकों को कमाई कराना जारी रखा। इसके चलते शेयर बाजार के निवेशकों को आज दिन भर में करीब 1.42 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ।

### सेंसेक्स 76,490 अंक पर हुआ बंद

हालांकि, कारोबार के अंत में सूचकांक बिकवाली के दबाव में आ गया और 203.28 अंक या 0.27 प्रतिशत टूटकर 76,490.08 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले दिन में सेंसेक्स 385.68 अंक या 0.50 प्रतिशत उछलकर 77,079.04 अंक के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया था।

### निफ्टी गिरकर 23, 259 अंक पर बंद

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30.95 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 23,259.20 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 121.75 अंक या 0.52 प्रतिशत चढ़कर 23,411.90 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके मंत्रिमंडल में 72 सदस्य शामिल हैं।

- निवेशकों ने आईटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में की बिकवाली
- निवेशकों को हुआ 1.42 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा
- कारोबार के आखिर में सूचकांक बिकवाली के दबाव में आ गया

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख



एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट हुई। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत बढ़कर 79.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

***बाजार में नए उत्प्रेरकों की कमी :*** *शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,391.02 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद भारतीय बाजार में फिलहाल नए उत्प्रेरकों की कमी है। इससे संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में बाजार में कुछ कमजोरी आ सकती है।'*

***फेड घटा सकता है जल्द ब्याज दर :*** *तापसे ने कहा कि अमेरिका के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि ब्याज दरों में कटौती जल्द नहीं होगी, जिसके बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भी बाजार में सुस्ती रही। व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.04 प्रतिशत चढ़ा और मिडकैप 0.56 प्रतिशत के लाभ में रहा।*

### इंफोसिस में रही गिरावट

माना जा रहा है कि तीसरे कार्यकाल में सरकार निरंतरता कायम रखने पर ध्यान देगी। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

### अल्ट्राटेक सीमेंट रहा लाभ में

दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, एनटीपीसी, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ में रहे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'सेंसेक्स के अपने नए उच्चस्तर से फिसलने के कारण बाजार में अस्थिरता लौट आई है। आईटी, धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में मुनाफावसूली के बीच कारोबार के अंत में सूचकांक तेजी से गिरा।'

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# क्या है Whey Protein? महिलाओं को कब करना चाहिए इसका सेवन

**व्हे प्रोटीन के फायदे :** मसल्स और बॉडी बनाने के लिए पुरुष वर्कआउट के साथ व्हे प्रोटीन खाते हैं। व्हे प्रोटीन सप्लीमेंट पुरुषों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह महिलाओं के लिए भी फायदेमंद होता है। जी हां, एक रिसर्च के अनुसार व्हे प्रोटीन सप्लीमेंट का सेवन महिलाओं के लिए भी अच्छा होता है। आइए जानते हैं महिलाओं के लिए व्हे प्रोटीन के फायदे और इसे लेने की सही मात्रा।

## क्या होता है व्हे प्रोटीन?

व्हे प्रोटीन ऐसा हाई प्रोटीन होता है, जो प्राकृतिक दूध और मिल्क उत्पादों में पाया जाता है। यह कॉमन डायटरी सप्लीमेंट बॉडीबिल्डिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पचाने में आसान यह सप्लीमेंट वजन घटाने में भी मदद करता है। व्यायाम के तुरंत बाद केवल 10 ग्राम व्हे प्रोटीन खाने ले मसल्स पुनर्निर्माण के लिए तैयार हो जाती है।

## महिलाओं के लिए क्यों जरूरी है व्हे प्रोटीन?

महिलाओं में लगातार बढ़ता मोटापा एक आम समस्या बन गई है। इसके कारण वह डायबिटीज, हार्ट डिसीज और कैंसर जैसी बीमारियों की चपेट में भी आसानी से आ जाती है। ऐसे में यह न सिर्फ मोटापा कंट्रोल करने के लिए बल्कि बीमारियों से बचने के लिए भी महिलाओं को व्हे प्रोटीन खाना चाहिए। इतना ही नहीं, इसका सेवन शरीर में प्रोटीन की कमी को पूरा करता है। आप इसे अपने ट्रेनर की सलाह पर ले सकती हैं।

## कितनी मात्रा में लेना चाहिए प्रोटीन

बाहर काम करने वाले महिलाओं को बॉडी वेट के हिसाब से प्रोटीन लेना चाहिए। एक्सपर्ट के अनुसार, प्रति किलो वजन के हिसाब से 0.75 ग्राम प्रोटीन लेना सही होता है। महिलाएं इसका सेवन वर्कआउट के बाद या उस दौरान कर सकती हैं। आप इसे जूस, दूध और पानी के साथ ले सकती हैं। इसके अलावा आप मीट, मछली, टोफू, नट्स या दालें का सेवन करके भी व्हे प्रोटीन की कमी को पूरा कर सकती हैं क्योंकि इन फूड्स में हाई प्रोटीन होता है।

## व्हे प्रोटीन के फायदे

1. पचाने में आसान होने के कारण आप इससे पेट से जुड़ी प्रॉब्लम से बच सकती हैं।
2. यह प्रोटीन शरीर में मसल्स बढ़ाने और फैट को कम करने में मदद करता है।
3. महिलाओं का इम्यून सिस्टम कमजोर होने के कारण वह जल्दी बीमार हो जाती है लेकिन इससे शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है।
4. जिन महिलाओं को लैक्टोज से एलर्जी की प्रॉब्लम है उनके यह बेहद फायदेमंद है।
5. अगर आप वजन कम करना चाहती हैं तो वर्कआउट के साथ व्हे प्रोटीन का सेवन करें। इससे न सिर्फ मोटापा कम होगा बल्कि वह कंट्रोल में भी रहेगा।
6. एंटीऑक्सीडेंट, एंटी वायरल और एंटी बैक्टीरियल गुण होने के कारण यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी मदद करता है।



# हैल्दी हेयर के लिए सिर्फ तेल या शैंपू नहीं, ये डाइट भी लेनी जरूरी

**बालों के लिए उपयुक्त आहार :** बालों को लंबा, घना और खूबसूरत बनाने के लिए आप तेल, शैंपू, मेंहदी, अंडा, शिकाकाई, महंगे हेयर प्रॉडक्ट्स और न जाने क्या-क्या इस्तेमाल करते हैं। मगर इनके साथ-साथ बालों को स्वस्थ रखने के लिए हैल्दी डाइट लेना भी बहुत जरूरी है। ऐसे में बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए अपने डाइट चार्ट में पोषणयुक्त आहारों को शामिल करें। आइए जानते हैं हैल्दी बालों के लिए आपको क्या-क्या खाना चाहिए।

**1. अखरोट का सेवन -** रोजाना अखोरट का सेवन बालों को मजबूत और स्वस्थ रखता है। दरअसल, अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों की ग्रोथ को बढ़ाने और उसे मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके अलावा यह बालों को झड़ने और दोमुंहे होने से भी रोकता है।

**2. हरी सब्जियां -** पालक, ब्रोकली व अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों में मौजूद आयरन बालों को जड़ों से मजबूत बनाता है इसलिए अपनी डाइट में इसे भी जरूर शामिल करें। इसके अलावा स्प्राउट्स का सेवन भी बालों के लिए फायदेमंद होता है।

**3. हैल्दी पेय -** स्वस्थ बालों के लिए दूध और नारियल पानी का सेवन भी बहुत अच्छा होता है। जहां दूध में मौजूद कैल्शियम बाल झड़ने नहीं देता, वहीं नारियल पानी से शरीर में पानी की कमी नहीं होती, जिससे आप रूसी की समस्या से बचे रहते हैं।

**4. अंडा -** अंडा प्रोटीन का सबसे अच्छा स्रोत होता है। प्रोटीन के अलावा इसमें आयरन, सल्फर, जिंक और सेलेनियम भी पाया जाता है, जोकि बालों को मजबूत और प्रॉब्लम फ्री रखता है। हफ्ते में कम से कम 3-4 बार इसका सेवन बालों के लिए अच्छा होता है।

**5. मछली का सेवन -** मछली में मौजूद ओमेगा-थ्री फैटी एसिड, विटामिन बी-12 और आयरन भी बालों को चमकदार बनाता है। हफ्ते में कम से कम एक बार इसका सेवन सेहत के साथ बालों के लिए भी फायदेमंद होता है।

**6. साबुत अनाज -** साबुत अनाज में जिंक, विटामिन बी और आयरन जैसे पोषक तत्व पाये जाते हैं, जो बालों को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। इतना ही नहीं, इससे बाल मजबूत भी होते है और हेयरफॉल की समस्या भी दूर होती है।

# घर पर आसानी से मिनटों में निकाले व्हाइटहेड्स



बेदाग और गोरे चेहरे की कामना हर किसी की होती है। मगर गलत खान-पान, कम पानी पीना या धूप में ज्यादा समय बिताने से चेहरे पर व्हाइटहेड हो जाते हैं। जो इंसान की पूरी पर्सनैलिटी को खराब कर देते हैं। अपने चेहरे पर पड़े इन दागों को दूर करने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं। मगर उनसे भी कोई फायदा नहीं होता। ऐसे में कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाकर आसानी से व्हाइटहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं।

**1. चंदन पाउडर -** व्हाइटहेड से छुटकारा पाने के लिए चंदन पाउडर का इस्तेमाल करें। 1/2 टी स्पून चंदन पाउडर में 1 टीस्पून डिस्टिल्ड वॉटर डालकर मिक्स कर लें। अब इसको माथे और ठोडी पर लगाकर 5 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

**2. ओटमील -** ओटमील भी व्हाइटहेड से राहत दिलाता है। 2 टेबलस्पून उबले ओटमील में 1 टी स्पून गुलाबजल मिलाकर माथे और ठोडी पर लगाएं। तकरीबन 10 मिनट तक इसको चेहरे पर लगा रहने दें। कुछ देर बाद इसको ठंडे पानी से धो लें। रोजाना ऐसा करने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. मुट्ठी भर मेथी-** मेथी से भी व्हाइटहेड्स को गायब किया जा सकता है। मेथी के दानों को पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को तकरीबन 20 मिनट तक लगाने के बाद चेहरा गर्म पानी से धो लें।

**4. चीनी और शहद स्क्रब-** चीनी और शहद को मिलाकर एक स्क्रब बना लें। रात को सोने से पहले या सुबह इस पेस्ट से स्क्रब करें। मगर ध्यान रहें स्क्रब करने के बाद कभी भी चेहरा गर्म पानी से ना धोएं। हमेशा नॉर्मल पानी का ही इस्तेमाल करें।

**5. बादाम और दूध 5-6** बादाम को पीसकर 2 चम्मच दूध में मिला लीजिए और गाढ़ा पेस्ट बनाइए। इस पेस्ट से चेहरे को स्क्रब कीजिए। इससे व्हाइहेड्स साफ हो जाएंगे और स्किन चमकदार बनेगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पिता शत्रुघन सिन्हा से बिना पूछे शादी कर रही हैं सोनाक्षी?



**सोनाक्षी सिन्हा** और जहीर इकबाल की शादी की खबरें इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई हैं। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों 23 जून को शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इस संदर्भ में, सोनाक्षी के पिता और अभिनेता-से-नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। शत्रुघ्नन सिन्हा ने स्पष्ट किया कि सोनाक्षी ने अभी तक उन्हें शादी की कोई जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा, आजकल बच्चे शादी करने के लिए परमिशन नहीं मांगते हैं, बल्कि अपने फैसले के बारे में पेरेंट्स को बता देते हैं। मैं दिल्ली में हूं और मेरी बेटी की प्लानिंग के बारे में मुझे कुछ नहीं बताया गया है। शत्रुघ्नन सिन्हा ने आगे कहा, हम अपनी बेटी के फैसले पर पूरा भरोसा रखते हैं। वह कभी भी संविधान के बाहर या गैरकानूनी फैसला नहीं लेगी। अगर वह मुझे विश्वास में लेगी, तो मैं और मेरी पत्नी कपल को अपना आशीर्वाद देंगे। शत्रुघ्नन सिन्हा ने यह भी बताया कि उन्हें कथित शादी के बारे में कई फोन आए हैं, लेकिन वे खुद इस बारे में बहुत कम जानते हैं। मेरे करीबी लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि मुझे इस शादी के बारे में क्यों नहीं पता है, और मीडिया को इसके बारे में पता है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि आजकल के बच्चे सहमति नहीं लेते, सिर्फ सूचना देते हैं। हमें सूचना मिलने का इंतजार है।



ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. : 2011

# G. D. JALAN COLLEGE

Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board (MARWARI MINORITY)

*Upper Govind Nagar, Malad (East)*

**NAAC accredited with B+** **ISO 9001: 2015 Certified College**

## Admissions Open

**The following programs are as per National Education Policy (NEP 2020)**

**B.Com.:** : Bachelor of Commerce

**B.Com.:** : Bachelor of Commerce (Management Studies)

**B.A.F.:** : Bachelor of Commerce (Accounting and Finance)

**B.Sc.:** : Bachelor of Science

**B.Sc.I.T.:** : Bachelor of Science (Information Technology)

**College Code : MU-0527**

**Contact Number: 9321558419/ 9321674124**